# RAF SECTOR

## NEWS CLIP

## 26/07/19

TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING

**Dainik Bhaskar (Rewari,HR)**

### गुरुवार को रेवाड़ी के बाल भवन में अभिनंदन समारोह का किया आयोजन

# गुजरात से चलकर 27 को नई दिल्ली इंडिया गेट पहुंचेगी सीआरपीएफ की साइकिल रैली

भास्कर न्यूज | रेवाड़ी

गुजरात से शुरू हुई द्रुत कार्य बल-केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल की साईकिल रैली गुरुवार को राजस्थान के विभिन्न शहरों से होते हुए रेवाड़ी के बाल भवन पहुंची।

यहां टीम के सदस्यों का डीसी यशेंद्र सिंह, एसडीएम रविंद्र यादव, 194 बटालियन के कमांडेंट केवल कृष्ण व अन्य अधिकारीगण 194 बटालियन द्रुत कार्य बल, अध्यक्ष रोटरी क्लब मेन अरुण गुप्ता तथा नवप्रेरणा स्कूल के छात्र-छात्राओं व शिक्षकगणों की ओर से उनका अभिनंदन किया गया। साथ ही नवप्रेरणा स्कूल के दिव्यांग छात्र-छात्राओं की ओर से देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी गई।



रेवाड़ी के बाल भवन में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित साईकिल रैली लेकर पंहुचे केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के जवान।

### स्वच्छता, जल संग्रहण और सामाजिक सद्भावना के लिए निकाली जा रही रैली

यह रैली 13 दिनों में गुजरात, राजस्थान, हरियाणा तथा दिल्ली के विभिन्न गांव एवं शहरों से होते हुए 27 जुलाई को नई दिल्ली के इंडिया गेट पर संपन्न होगी। रैली का नेतृत्व 100वीं वाहिनी के उप कमांडेंट मनोज कुमार कर रहे हैं। डीसी यशेंद्र सिंह ने बताया कि यह रैली राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 150 वीं जयंती एवं केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के 81वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में की जा रही है। मुख्य उद्देश्य स्वच्छता, जल संग्रहण, शांति एवं सामाजिक सद्भावना जैसे मुद्दों के प्रति जागरूक करना है। रैली के कार्मिकों तथा द्रुत कार्य बल के अधिकारियों द्वारा सेक्टर-4 रेवाड़ी में 194 बटालियन द्रुत कार्य बल व वरिष्ठ नागरिक क्लब रेवाड़ी के सहयोग से पौधरोपण भी किया। पदैयावास में साफ-सफाई अभियान एवं तालाब का जीर्णोद्धार किया गया। इस मौके पर 100वीं बटालियन आरएएफ के सीएमओ डॉ. राजेश कुमार गुप्ता, डिप्टी कमांडेंट पवन कुमार, असिस्टेंट कमांडेंट जीएस भांदार, असिस्टेंट कमांडेंट भजनलाल व रोटरी डिस्ट्रिक जोन के असिस्टेंट गवर्नर रवि गुप्ता, जेपी चौहान, प्रदीप नरुला, रोटेरियन दीपक गुप्ता, विजेंद्र मेहता, रवि ठकराल, हरीश मेहंदीरत्ता व आरएसओ रमेश वशिष्ठ सहित अन्य मौजूद रहे।

Rajasthan Patrika (Behror,Raj.)

## सीआरपीएफ साइकिल रैली

# जगा रहे पर्यावरण संरक्षण की अलख, स्वागत में उमड़े लोग

**बहरोड़.** सीआरपीएफ के जवानों द्वारा गांधीनगर से दिल्ली तक निकाली जा साइकिल रैली यात्रा का बुधवार सुबह बहरोड़ पहुंचने पर जगह जगह स्वागत किया गया। रैली कस्बे के मुख्य मार्गों से होती हुई सामुदायिक भवन में पहुंची और जहां पर लोगों को पर्यावरण व स्वच्छता जागरूकता को लेकर कार्यक्रम आयोजित किया गया। रैली का नेतृत्व सीआरपीएफ 100 वीं वाहिनी के डिप्टी कमांडेंट पवन कुमार द्वारा किया जा रहा है।

यह रैली राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 150 वीं जयंती एवं सीआरपीएफ के 8 1वें स्थापना दिवस के उपलक्ष में आयोजित की जा रही है। डिप्टी कमांडेट ने बताया कि यह साइकिल रैली 13 दिनों में गुजरात, राजस्थान, हरियाणा तथा दिल्ली के विभिन्न गांवों एवं शहरों से होते हुए कुल 982 किलोमीटर का सफर तय कर 27 जुलाई को इंडिया गेट नई दिल्ली पहुंच कर सम्पन्न होगी। साइकिल रैली में



**बहरोड़.** सीआरपीएफ रैली का बहरोड़ में स्वागत करते लोग।

5 महिलाएं भी भाग ले रही हैं। जो कि महिला सशक्तिकरण को भी बढ़ावा देता है। यात्रा के दौरान कुल 13 पड़ाव होंगे, हर पड़ाव पर लोगों को जागरूक किया जा रहा है।

बहरोड़ में पंचायत समिति के सामने स्वागत के दौरान कृषि उपज मण्डी सदस्य अजीत यादव ने कहा कि सेना के जवानों की वजह से ही आज देश की जनता सुरक्षित है। हमारे देश की सेना ने बाढ़, आपदा जैसे हालातों में कार्य कर शौर्य का परिचय दिया है। देश में पेयजल, पौधरोपण आदि कार्यों के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए सीआरपीएफ द्वारा निकली गई साइकिल रैली व उनकी टीम को धन्यवाद दिया।

जहां पर लायंस क्लब अध्यक्ष प्रमोद अग्रवाल ने बताया कि सीआरपीएफ चुनौतियों का सामना करते हुए देश की सेवा में तत्पर रहती है। सीआरपीएफ के द्वारा निकाली जा रही रैली से जल संरक्षण का मैसेज दिया जा रहा है। ताकि जल का दोहन नहीं हो, लोग इसके महत्व को समझ सके और आने वाले समय में हमें जल मिल सके।

कस्बे के कृष्णा मैरिज गार्डन में भाजपा नेता मोहित यादव, मुख्य चौराहे पर लायंस क्लब सदस्य के साथ अन्य संगठनों ने और पंचायत समिति के सामने प्रधान प्रतिनिधि एवं सरपंचगणों द्वारा रैली का माला पहनाकर एवं पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। इसके बाद कार्यक्रम के अंत में पौधारोपण किया गया। इस दौरान नगर पालिका ईओ मनीषा यादव, हैड कांस्टेबल विजयपाल,कमाडेंट केवल कृष्ण, सहायक कमांडेन्ट विभूति कुमार,एचआर मीणा,लायंस क्लब के सदस्य हर्षित जैन,महेंद्र शर्मा सहित सदस्य उपस्थित रहे रैली मे महिला शक्ती के रूप में सीआरपीएफ की जवान बहरोड़ निवासी रेखा यादव व पांच अन्य महिला सदस्य भी शामिल थी।

**Amar Ujala (Rewari,HR)**

**स्वागत** छात्र-छात्राओं ने साइकिल रैली प्रतिभागियों का माल्यार्पण कर किया स्वागत

# सामाजिक सद्भावना संदेश के साथ रेवाड़ी पहुंची साइकिल रैली

माई सिटी रिपोर्टर

रेवाड़ी। केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल द्वारा आयोजित साइकिल रैली राजस्थान के बहरोड से रवाना होकर बाल भवन रेवाड़ी पहुंची। उपायुक्त यशेंद्र सिंह, एसडीएम रविन्द्र यादव, द्वि0 कमा0 अधिकारी केवल कृष्ण व अन्य अधिकारीगण 194 बटा. द्रुत कार्य बल, अध्यक्ष रोटरी क्लब एंड रोटरी क्लब के अन्य सदस्यगण, नवप्रेरणा स्कूल के छात्र-छात्राओ के ने साइकिल रैली प्रतिभागियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। नव प्रेरणा स्कूल के दिव्यांग छात्र-छात्राओं ने देश भक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई।

यह साइकिल रैली 13 दिनों में गुजरात, राजस्थान, हरियाणा तथा दिल्ली के विभिन्न गांव एवं शहरों से होते हुए 982 किलोमीटर का सफर तय कर 27 जुलाई 2019 को इंडिया गेट, नई दिल्ली में संपन्न होगी। रैली का नेतृत्व मनोज कुमार उप.कमा. 100 वीं वाहिनी कर रहे है। इस अवसर पर डीसी यशेन्द्र सिंह ने बताया कि यह रैली राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 150 वीं जयंती एवं केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के 81 वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित की जा रही है। जिसका मुख्य उद्देश्य स्वच्छता, जल संभरण, शांति एवं सामाजिक सद्भावना जैसे मुद्दों के प्रति जागरूक करना हैं। जिससे आने वाले समय में यह देश निरंतर प्रगति के मार्ग पर अग्रसर रहें तथा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने जिस नव भारतवर्ष की परिकल्पना की थी उसको साकार किया जा सके। इसी संदेश को जन-जन तक पहुंचाने तथा आने वाली पीढ़ी के लिए स्वच्छ, स्वस्थ व संसाधनों से युक्त देश के निर्माण में हर नागरिक की भागीदारी सुनिश्चित की जा सके।साइकिल रैली के कार्मिकों और द्रुत कार्य बल के अधिकारियों द्वारा सेक्टर-4 रेवाड़ी में 194 बटा0 द्रुत कार्य बल व वरिष्ठ नागरिक क्लब रेवाड़ी के सहयोग ने पौधरोपण भी किया। गांव पदैयावास में साफ-सफाई अभियान एवं तालाब का जीर्णोद्धार किया गया। इस अवसर पर द्रुत कार्य बल/केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल की ड्यूटी बारे तथा इस साइकिल रैली के उद्देश्य के बारे में जानकारी दिया।



केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के साथ उपायुक्त यशेन्द्र सिंह व अन्य अमर उजाला

**Dainik Jagran (Rewari,HR)**

**कार्यक्रम** | केंद्रीय रिजर्व बल व द्रुत कार्यबल की साइकिल रैली का जिलाभर में हुआ विभिन्न स्थानों पर स्वागत

# राष्ट्र सेवा के साथ सामाजिक सरोकार की चिंता करना महत्वपूर्ण

**जागरण संवाददाता, रेवाड़ी:** केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल व द्रुत कार्यबल द्वारा पर्यावरण संरक्षण को लेकर निकाली जा रही साइकिल रैली राजस्थान के बहरोड़ से चलकर बृहस्पतिवार को रेवाड़ी पहुंची। सुबह से लेकर देर शाम तक विभिन्न स्थानों पर इस टीम का स्वागत किया गया।

सर्वप्रथम मॉडल टाउन स्थित बाल भवन में उपायुक्त यशेंद्र सिंह, एसडीएम रविंद्र यादव, कमांडेंट केवल कृष्णा कुमार, रोटरी क्लब रेवाड़ी मेन के अध्यक्ष अरूप गुप्ता, नवप्रेरणा स्कूल के विद्यार्थियों ने साइकिल रैली में शामिल जवानों का स्वागत किया। टीम का नेतृत्व कर रहे डिप्टी कमांडेंट पवन कुमार व मनोज कुमार ने बताया कि साइकिल रैली 13 दिनों में गुजरात, राजस्थान, हरियाणा तथा दिल्ली के विभिन्न गांवों एवं शहरों से होते हुए 982 किलोमीटर का सफर तय कर 27 जुलाई को नई दिल्ली स्थित इंडिया गेट पहुंचेगी। देर शाम बीएमजी एलीगेंट सिटी में भी साइकिल रैली में शामिल जवानों का स्वागत किया गया। यहां बतौर मुख्यातिथि उपायुक्त यशेंद्र सिंह मौजूद रहे तथा विशिष्ट अतिथि के तौर पर अंतर्राष्ट्रीय शूटर आरती राव उपस्थित रही।



साइकिल यात्रा का स्वागत कार्यक्रम में उपस्थित उपायुक्त यशेंद्र सिंह व अन्य ● जागरण



बीएमजी एलिगेंट सिटी में साइकिल यात्रा स्वागत समारोह में मौजूद उपायुक्त यशेंद्र सिंह, अंतरराष्ट्रीय शूटर आरती राव व अन्य ● जागरण

समाजसेवी राधेश्याम गुप्ता ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। उपायुक्त यशेंद्र सिंह ने कहा कि यह रैली राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 150वीं जयंती एवं केंद्रीय पुलिस बल के 81वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित की जा रही है। इसका मुख्य उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण शांति व सामाजिक सद्भावना जैसे मुद्दों के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने कहा कि देश सेवा के साथ सामाजिक सरोकारों की चिंता करना महत्वपूर्ण है। आरती राव ने सीआरपीएफ जवानों को इस पुनित कार्य के लिए सैल्यूट किया। इस मौके पर एडीसी प्रदीप दहिया, एसडीएम रविंद्र यादव, रवि गुप्ता, रिपुदमन गुप्ता, जेपी चौहान, वंदना पोपली, यादके सुगंध, प्रदीप नरूला, विजेंद्र मेहता, रवि ठकराल तथा सीएमओ डॉ. राजेश गुप्ता, विजय गुप्ता आदि मौजूद थे।

**Hari Bhoomi (Rewari,HR)**

# साइकिल रैली पहुंची रेवाड़ी में

- अधिकारियों ने साइकिल रैली के प्रतिभागियों को माला पहनाकर स्वागत किया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी

द्रुत कार्य बल/केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल द्वारा आयोजित साइकिल रैली राजस्थान के बहरोड़ से चलकर गुरुवार को बाल भवन पहुंची। डीसी यशेद्र सिंह, एसडीएम रविन्द्र यादव, द्वि. कमा. अधिकारी केवल कृष्ण व अन्य अधिकारियों ने साइकिल रैली के प्रतिभागियों को माला पहनाकर स्वागत किया। यह रैली 13 दिनों में गुजरात, राजस्थान, हरियाणा तथा दिल्ली के विभिन्न गांव एवं शहरों से होते हुए 982 किलोमीटर का सफर तय कर 27 जुलाई को इंडिया गेट नई दिल्ली में संम्पन्न होगी। रैली का नेतृत्व मनोज कुमार उप.कमा. 100 वीं वाहिनीं कर रहे हैं।




रेवाड़ी। द्रुत कार्य बल/केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के साथ उपायुक्त यशेन्द्र सिंह।

## पौधे भी लगाए

डीसी यशेन्द्र सिंह ने बताया कि यह रैली राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 150वीं जयंती एवं केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के 81 वे स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित की जा रही है। जिसका मुख्य उद्देश्य स्वच्छता, जल संरक्षण, शांति एवं सामाजिक सद्भावना जैसे मुद्दो के प्रति जागरूक करना हैं। जिससे आने वाले समय में यह देश निरंतर प्रगति के मार्ग पर अग्रसर रहें तथा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने जिस नव भारतवर्ष की परिकल्पना की थी उसको साकार किया जा सकें। इसी संदेश को जन-जन तक पहुंचाने तथा आने वाली पीढ़ी के लिए स्वच्छ, स्वस्थ व संसाधनों से युक्त देश के निर्माण में हर नागरिक की भागीदारी सुनिश्चित की जा सके। साइकिल रैली के कार्मिकों तथा द्रुत कार्य बल के अधिकारियों द्वारा सेक्टर-4 में 194 बटा० द्रुत कार्य बल व वरिष्ठ नागरिक क्लब के सहयोग ने पौधरोपण भी किया तथा गांव पदैयावास में साफ-सफाई अभियान एवं तालाब का जीर्णोद्धार किया गया।

**Hindustan (Prayagraj,UP)**

# आरएएफ जवानों ने बीएसएनएल एक्ससचेंज में लगी आग बुझायी

**PRAYAGRAJ:** शांतिपुरम फाफामऊ स्थित बीएसएनएल टेलीफोन एक्सचेंज में गुरुवार को दिन मे शार्ट सर्किट के कारण भीषण आग लग गई. जानकारी होते ही 101 बटालियन रैपिड एक्शन फोर्स की टीम कमांडेंट आरके निगम की अगुवाई मे मौके पर पहुंची. आरएएफ की फायर टेंडर, वरुण वाहन और क्यूट की मदद से भारी क्षति होने से बचाया गया.

PIC: DAINIK JAGRAN-I NEX



सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को सुरक्षित करते हुए तत्काल आग पर काबू पाया गया.

**Inext (Prayagraj,UP)**

# टेलीफोन एक्सचेंज में आग, आरएएफ ने बुझाई



**फाफामऊ।** फाफामऊ शांतिपुरम में गुरुवार को 11 बजे टेलीफोन एक्सचेंज में आग लग गई। आरएएफ की 101 रेसक्यू टीम ने कमांडेंट आरके निगम के नेतृत्व में मोर्चा संभालते हुए अपने फायर टेंडर वरुण वाहन और क्वाट से आग पर काबू पाया। बीएसएनएल ने आरएएफ की तत्परता की प्रशंसा की और कहा कि टीम ने भारी नुकसान होने से बचाया।

**Aaj (Lucknow,UP)**




केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के स्थापना दिवस समारोह के तहत वृक्षारोपण।

# केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के स्थापना दिवस समारोह में वृक्षारोपण

लखनऊ,गुरूवार। देश व समाज के हितों के लिए लगातार तत्पर्य 91 बटालियन,द्रुत कार्य बल के द्वारा केन्द्रीय रिजर्व पुलिस के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में गुरूवार को बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित कर समूह केन्द्र लखनऊ में 210 वृक्षों को लगाया गया। इसमें बटालियन के विश्वनाथ प्रताप सिंह, कमान्डेन्ट, डॉ0 नरेन्द्र कुमार,मुख्य चिकित्सा अधिकारी विजय कुमार साहू, उप कमाण्डेन्ट सर्वेन्द्र सिंह, उप कमाण्डेन्ट, एवं अन्य अधिकारियों तथा जवानों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। लगाये जाने वाले वृक्षों में फलदार वृक्ष जैसे कि आम,जामुन, अमरूद, आँवला,नीम इत्यादि का वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर बटालियन के कामन्डेन्ट, विश्वनाथ प्रताप सिंह, के द्वारा वृक्ष की उपयोगिता के बारे में जवानों तथा अन्य कार्मिकों को विस्तारपूर्वक बताया गया तथा भविष्य में भी इस तरह के पर्यावरण को लाभ पहुँचाने वाले कार्यक्रमों को करने हेतु संकल्प लिया गया।

## शिक्षकों का धरना

लखनऊ, गुरुवार। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ पाण्डेय गुट के आवास पर १२ सूत्रीय मांगों को लेकर जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय शिक्षा भवन पर धरना एवं प्रदर्शन का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता हरिश्चंद्र सिंह ने की। बारह सूत्रीय मांगों में प्रमुख रूप से पुरानी पेंशन बहाली राज्य कर्मचारियों की भांति कैशलेस चिकित्सा सुविधा प्रदान किया जाना वित्त विहीन शिक्षकों को माध्यमिक शिक्षा अधिनियम की धारा ७ (क) की परिधि में लाना, सिटीजन चार्टर लागू किया जाना एवं बोर्ड के सभी प्रकार के पारिश्रमिक दरों में सीबीएसई के समान वृद्धि एवं शीघ्र अति शीघ्र भुगतान सुनिश्चित किया जाना सम्मिलित है।

## ...के लोगों तक ...जनायें-भाजपा

...के सदस्य बनने के लिये उपस्थित नागरिकों मतदाताओं के बीच कही। श्री तिवारी ने सदस्यता कार्यक्रम के बाद स्थानीय ग्रामीणों की समस्याओं को सुना और कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सर्वोत्तम प्रदेश के निर्माण के तहत गाँव के विकास के लिए संकल्पित है। इस अवसर पर विधानसभा प्रभारी रामलाल वर्माए जिला उपाध्यक्ष एवं मण्डल प्रभारी अमित तिवारी मण्डल अध्यक्ष डा0 अरविंद विश्वास पूर्व जिला महामंत्री प्रदीप द्विवेदी मण्डल सदस्यता प्रमुख आशीष मिश्रा

Dainik Bhaskar (Jamshedpur,JKD)

# उत्क्रमित म विद्यालय में बच्चों को कम्प्यूटर की दी जानकारी



**जमशेदपुर** | उत्क्रमित मध्य विद्यालय कुदादा में गुरुवार को स्वच्छता अभियान व पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सीआरपीएफ 106वीं बंटालियन के कमांडेंट पीके सिंह, उप कमांडेंट पीके मिश्रा व सहायक कमांडेंट अंकित प्रियदर्शी के नेतृत्व में चलाया गया। स्कूल के छात्रों को कम्प्यूटर बेसिक जानकारी दी गई और टाइप करना सिखाया गया। इसके अलावा समवाय के अधिकारियों और जवानों ने पौधरोपण भी किया। सफाई अभियान के तहत गांव के सड़कों, घरों के आस पास की झाडियों, नालों, कुआं, नलकूपों आदि की सफाई की गई।

Prabhat Khabar (Jamshedpur,JKD)



बच्चों स्वच्छता व पौधरोपण की महत्ता बताते सीआरपीएफ के पदाधिकारी.

# कुदादा में जवानों ने चलाया स्वच्छता अभियान

**नरवा.** सीआरपीएफ डी/106 बटालियन जवानों ने गुरुवार को गोद लिए गांव कुदादा एवं उत्क्रमित उच्च विद्यालय में स्वच्छता अभियान चलाया. साथ ही पौध रोपण कर पर्यावरण संतुलन का संदेश दिया गया. इस दौरान सीआरपीएफ के निरीक्षक केके सिंह, उप निरीक्षक (महिला) एच इनाकुंबी एवं 60 पुरुष-महिला कर्मियों ने बच्चों को स्वच्छता के प्रति जागरूक भी किया.

**Dainik Jagran (Lucknow,UP)**



सीआरपीएफ के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में 91 बटालियन की ओर से गुरुवार को पौधरोपण किया गया। इस अवसर पर बटालियन के कमांडेंट विश्वनाथ प्रताप सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. नरेंद्र कुमार, डिप्टी कमांडेंट विजय कुमार साहू व सर्वेंद्र सिंह भी मौजूद थे।

**Dainik Jagran (Prayagraj,UP)**

## टेलीफोन एक्सचेंज में लगी आग

संसू, फाफामऊ : शांतिपुरम कॉलोनी स्थित बीएसएनएल टेलीफोन एक्सचेंज में गुरुवार की सुबह अचानक आग की लपटें निकलने लगी। कर्मचारी लपटों पर काबू पाने का प्रयास करने लगे। सूचना मिलने पर पहुंचे आरएएफ 101 बटालियन के जवानों ने लपटों पर काबू पाया। आग से एक्सचेंज के अंदर स्विच रूम के उपकरण जल गए। देर शाम तक नए उपकरण लगाने में विभागीय इंजीनियर जुटे रहे। घटना से क्षेत्र में टेलीफोन सेवा बाधित रही। इससे बैंक, कॉलेज, अस्पताल भी प्रभावित रहे।

**Aaj (Prayagraj,UP)**

## टेलीफोन एक्सचेंज में लगी आग, आरएएफ के जवानों ने पाया काबू

शान्तिपुरम स्थित बीएसएनएल टेलीफोन एक्सचेंज में गुरूवार को शार्ट शर्किट से भीषण आग लग गयी। जिससे वहां मौजूद कर्मचारियों में भगदड मच गयी। सूचना पर शान्तिपुरम स्थित १०१ द्रुत कार्य बल के जवानों ने तत्काल मौके पर पहुचकर आग में काबू पा लिया। यदि जवानों द्वारा समय से कार्यवाही न की जाती तो भारी नुकसान हो जाता।

जानकारी के अनुसार गुरूवार की सुबह फाफामऊ स्थित बीएसएनएल टेलीफोन एक्सचेंज के एक स्टोर में शार्ट शर्किट से आग लग गयी। धूवें का गुब्बार एवं आग को देखकर आस-पास हडकंप मच गया। किसी ने आरएएफ के जवानों को सूचना दी। कमाण्डेंट आके निगम की अगुवाई में जवानों ने कुछ ही देर में फायर टेंडर, वरूण वाहन की मदद से आग में काबू पा लिया। बीएसएनएल के अधिकारी व कार्मिकों ने त्वरित कार्यवाही की प्रशंसा की। एसडीओ बीएसएनएल राजेन्द्र कुमार ने बताया कि आग से बहुत अधिक नुकसान नहीं हुआ है। दो दिन के अंदर जले हुए सर्किटों को ठीक कर सप्लाई बहाल कर दी जाएगी।

Rajasthan Patrika (Ahmedabad,Guj.)

# आरएएफ जवानों व ग्रामीणों ने किया पौधरोपण

## 400 पौधे रोपे



अहमदाबाद. केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के 81वें स्थापना दिवस पर 100वीं वाहिनी रेपिड एक्शन फोर्स (आरएएफ) ने अहमदाबाद के उन्देरल गांव के गायत्री स्कूल, काली माता मंदिर व महादेव मंदिर और इसके आसपास 400 पौंधे रोपे। बटालियन के कमाण्डेन्ट पुष्पेन्द्र कुमार के दिशा-निर्देशन में सहायक कमाण्डेन्ट हिरेन कुमार मकवाना के नेतृत्व में यह पौधारोपण किया गया।

बटालियन ने दो दिनों में गोद लिए भुआलडी गांव में उप कमाण्डेन्ट प्रमोद कुमार के नेतृत्व में स्वामीनारायण मंदिर, कम्युनिटी हॉल तथा भुआलडी प्राथमिक स्कूल, नांदेज गांव में सहायक कमाण्डेन्ट राकेश कुमार, रघुवीरसिंह यादव, संजय तिवारी के नेतृत्व में गांव के सार्वजनिक विद्यालय, गैरतनगर में विनोद कुमार व बंशीलाल के नेतृत्व में प्राइमरी स्कूल के परिसर, पंचायत भवन परिसर में एक हजार पौधे रोपे गए।

वहीं स्कूलों में बच्चों को पर्यावरण के बारे में जागरूक किया गया। वहीं गांवों में साफ-सफाई अभियान चलाया व ग्रामीणों को स्वच्छता को लेकर जागरूक किया।

# Photos of Deployment/ Fam-Ex/Adopted Village By RAF










सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।